# रामा रामा रटो | By Gurmeet,Tripti Shakya |

रामा रामा रटो, करो सफल उमरिया,
मिल जाएगी डगर, जप लोगे जो गर,
प्रभु राम का नाम, राम का नाम,
रामा रामा रटो, करो सफल उमरिया।

ऐ प्राणी है तेरी ज़िंदगी, एक अंधियारी रात रे,
ले ले सहारा राम नाम का, जप की माला हाथ रे,
साथ न छूटे आस न टूटे, राम का है बड़ा काम रे,
रामा ही भरेंगे, तेरी भक्ति की गगरिया,
मिल जाएगी डगर, जप लोगे जो गर,
प्रभु राम का नाम, राम का नाम,
रामा रामा रटो, करो सफल उमरिया।

राम नाम के सागर से तू, भर ले एक गगरिया रे,
इस पारस से सोना कर ले, मन की सूनी नगरिया रे,
बड़े-बड़े ऋषियों ने है गाया, बस एक राम का नाम रे,
सारे रिश्ते झूठे, सांचे रामा ही सांवरिया,
मिल जाएगी डगर, जप लोगे जो गर,
प्रभु राम का नाम, राम का नाम,
रामा रामा रटो, करो सफल उमरिया।

बड़े-बड़े गुणी जान न पाए, राम की लीला महान रे,
राम ही सृष्टि के निर्माता, राम को पगले जान रे,
रामा को तो राम ही जाने, जो त्रेता अवतार है,
रामा रामा जपे सारी नगरी अवधिया,
मिल जाएगी डगर, जप लोगे जो गर,
प्रभु राम का नाम, राम का नाम,
रामा रामा रटो, करो सफल उमरिया।

दो अक्षर के नाम में देखो, तिन लोक समाए हैं,
जो भी इनका स्मरण करते, भव सागर तर जाए है,
मर्यादा जो सिखलाते, ऐसे निराले राम है,
रघुराई बोलो चाहे राम रचैया,
मिल जाएगी डगर, जप लोगे जो गर,
प्रभु राम का नाम, राम का नाम,
रामा रामा रटो, करो सफल उमरिया।

रामा रामा रटो, करो सफल उमरिया,
मिल जाएगी डगर, जप लोगे जो गर,
प्रभु राम का नाम, राम का नाम,
रामा रामा रटो, करो सफल उमरिया।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%9f%e0%a5%8b-by-gurmeettripti-shakya/